दिनांक-28.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री ने अपने यूके यात्रा को बताया सफल, कहा- 60 हजार करोड़ रूपये के आए निवेश प्रस्ताव, आज से जर्मनी की यात्रा पर।
- भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश के मंडप को मिला स्वर्ण पदक।
- प्रदेश में हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- प्रदेश में अगले तीन दिन कड़ाके की ठंड के आसार। छह शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे।

मुख्यमंत्री-निवेशक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज से 30 नवम्बर तक जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव म्यूनिख एवं स्टूटगार्ट में कई कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए संभावनाओं से जर्मनी के उद्योगपतियों को अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री आज म्यूनिख में बवेरिया राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री एसएफसी एनर्जी के प्रमुख संस्थान का दौरा करेंगे और जर्मनी के उद्योग प्रतिनिधियों से अनौपचारिक संवाद करेंगे।

इसके पहले मुख्यमंत्री ने यूके दौरे के समापन पर कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमारे लिए कई अर्थों में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। सभी प्रकार के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश आए। उन्होंने कहा कि 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। इसमें सभी प्रकार के सेक्टर जैसे चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग और सर्विस सेक्टर शामिल है। एग्रीकल्चर में भी लोगों ने रुचि दिखाई है।

बाइट-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

व्यापार मेला

दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित हुए 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मध्यप्रदेश के मंडप को राज्यों की श्रेणी में सब्जेक्टिव प्रेजेंटेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। कल आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला ने मध्यप्रदेश मंडप के संचालक बीएन तिवारी को प्रदान किया। मंडप में मेले की थीम 'विकसित भारत/2047' के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 42वें आईआईटीएफ में भी मध्यप्रदेश मंडप को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था।

केंद्र-उर्वरक

केंद्र सरकार डाय-अमोनियम फॉस्फेट- डीएपी उर्वरक की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार राज्यों, रेलवे और उर्वरक कंपनियों के साथ तालमेल बनाए हुए है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में, 17 लाख टन से अधिक आयातित डीएपी राज्यों को उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा, घरेलू उत्पादन के ज़रिए लगभग साढ़े छह लाख टन उर्वरक राज्यों को उपलब्ध कराए गए हैं।

झारखंड मुख्यमंत्री - शपथ ग्रहण

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दोपहर बाद 4 बजे रांची के मोरहाबादी मैदान में श्री सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। श्री सोरेन ने रांची में कहा कि उन्होंने समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भी आमंत्रित किया है।

हम होंगे कामयाब

प्रदेश में लैगिंक आधार पर हिंसा के प्रति जागरुकता का अभियान "हम होंगे कामयाब" के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। महिला एवं बाल विकास विभाग 10 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने सभी शासकीय कार्यालय एवं प्राइवेट संस्थाओं में समिति का गठन करने को कहा है। खंडवा में जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे की अध्यक्षता में जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित मुद्दों से निपटने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल देखभाल संस्थान के कर्मचारियों वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल और शक्ति निवास तथा उर्जा महिला डेस्क कर्मियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इंदौर जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों और कॉलेजों में बाल विवाह निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए और बाल विवाह निषेध की शपथ ली गई। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह रोकथाम के लिए बनाए गए कानून और अधिनियम के बारे में बताया गया। रायसेन जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम बरेली में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ विशेष पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने किया। और जानकारी हमारे रायसेन प्रतिनिधि से.....

जनजातीय गौरव दिवस

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कल भोपाल में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अतीत के कालखंडों में इतिहासकारों ने जनजातीय नायकों एवं महापुरुषों के पुरुषार्थ एवं कृतित्व के साथ न्याय नहीं किया। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्र के लिए जनजातीय योगदान का यह समग्र विचार, जनमानस के समक्ष लाने की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भारतीय दृष्टि से स्वाधीनता के संघर्ष के सही इतिहास को भारतीय दृष्टिकोण के साथ भारतीय परिप्रेक्ष्य में लिखने का अवसर प्रदान किया है। इस कार्यशाला में वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म जयंती वर्ष एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जनजातीय नायकों के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार मंथन हुआ।

सांची मेला

रेलवे द्वारा चेतियागिरी विहार की 72वीं वर्षगांठ एवं साँची स्तूप पर अवशेषों की प्रदर्शनी के अवसर पर सांची में आयोजित मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 30 नवंबर और एक दिसबंर को साँची स्टेशन पर पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन सेंट्रल-नई दिल्ली, जी.टी. एक्सप्रेस और कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

सिंहस्थ समिति

राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष-2028 अंतर्गत आवश्यक अधोसंरचना की कार्ययोजना तैयार करने, इनके क्रियान्वयन की समीक्षा करने एवं मंत्रि-परिषद समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ''संभाग स्तरीय समिति'' का गठन संभागीय आयुक्त, उज्जैन संभाग की अध्यक्षता में किया है। इसमें कलेक्टर, जिला उज्जैन सदस्य सचिव होंगे।

सैयद मोदी टूर्नामेंट

लखनऊ में चल रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सिंगल्स में, पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन अगले दौर में पहुंच गए हैं। पीवी सिंधु ने अनमोल खरब को, जबकि लक्ष्य सेन ने मलेशिया के शोलेह एदिल को पराजित किया।

उनके अलावा मालविका बंसोड़, उन्नति हुडा, तस्नीम मीर और महिला डबल्स के लिए अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो तथा तृषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

इफ्फी

भारत के 55वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आज अंतिम दिन है। आज भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दर्शन देखने को मिलेगा। इससे पहले कल "रीस्टोर्ड क्लासिक्स" खंड में पुरानी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

मौसम

प्रदेश में अगले तीन दिन कड़ाके की ठंड के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ो पर हो रही बर्फबारी के कारण भोपाल और जबलपुर संभाग में ठंड बढ़ गई है। कल पचमढ़ी में 5 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं मंडला में यह 7 डिग्री रहा। इसके अलावा भोपाल, उमरिया, बालाघाट, सीहोर, शाजापुर में भी तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

समाचार संक्षेप में .....

इंदौर में यूरेशियन समूह की पांच दिवसीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें विश्व के 25 देशों के करीब ढाई सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे है।

नर्मदापुरम जिले की पंचायतों में केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत पैक्स, डेयरी और मछली सोसायटियों का गठन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में कल बैठक में निर्णय लिया गया है।

आगरमालवा जिले की 55 प्राथमिक साख सहकारी संस्थाओं में 1 हजार 325 मैट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है, जबकि 1191.88 मैट्रिक टन डीएपी/एनपीके खाद उपलब्ध है। सहकारी संस्थाओं से कृषकों को आवश्यकतानुसार खाद का वितरण किया जा रहा है।

यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए जबलपुर रेल मण्डल ने फत् कोड  की शुरुआत की। अब जबलपुर - कटनी सहित 22 स्टेशनों पर यात्री अपनी टिकट का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर सकेंगे।

...................................